राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

एकल स्त्रोत निविदा सूचना

क्रमांक : एचसी / एसके / उपापन / 2023–24 / 23 दिनांक : 11.07.2023

राजस्थान उच्च न्यायालय में पदस्थापित माननीय न्यायाधिपतिगण के उपयोगार्थ 17 Nos. Dragon Legal Individual 15 (ESD) with Splcons customized Indian Legal Solution with Andrea NC 125 Headphone and 17 Nos. Philips DVT 4110 dicta phones की खरीद इसके अधिकृत विक्रेता फर्म ICONS Infocom Pvt. Ltd. से करने के क्रम में दरों के सम्बन्ध में मुहरबन्द निविदा दिनांक 18.07.2023 दोपहर 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्तें **http://www.hcraj.nic.in** एवं **http://sppp.rajasthan.gov.in** की वेबसाइट पर देखी जा सकेगी। (अनुमानित मूल्य रूपये 10,48,815 / –)

आज्ञा से,

11.07.2023

रजिस्ट्रार (वर्गीकरण),

कार्यालयः राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

:: निविदा एवं अनुबन्ध की शर्ते ::

1. पूर्ण रूप से भरी हुई मोहरबंद निविदा मय प्रपत्र व विवरण कार्यालय समय में दिनांक 18.07.2023 को दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 18.07.2023 को दोपहर 03.00 बजे उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। विलम्ब से प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएगी ।

2. निविदा में वर्णित दरें सभी करों सहित शब्दों एव अंकों में स्पष्ट रूप में लिख कर अंकित करनी होगी। निविदा प्रपत्र व सभी संलग्नको के सभी पृष्ठों पर निविदाकर्ता को हस्ताक्षर करने होगें तथा कॉट–छॉट होने पर अपने लघु हस्ताक्षर करके दरे पृथक से स्पष्ट रूप से लिखनी होगी। निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत दरों में सामान को निर्दिष्ट स्थान/भण्डारगृह पर पहुँचाने का खर्चा (Handling Charges) भी सम्मिलित होगा।

3. सम्बन्धित फर्म को सप्लाई आदेश का कार्य कार्यालय आदेश प्राप्ति के **तीस (30) दिवस** के भीतर पूर्ण करना होगा। निविदा में वर्णित दरों के सम्बन्ध में बाजार में किसी भी प्रकार की मूल्य वृद्धि होती है तो इसकी जिम्मेवारी सम्बन्धित फर्म की होगी।

4. अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा। सन्तोषप्रद सप्लाई के पश्चात ही भुगतान देय होगा। प्रत्येक सप्लाई आदेशानुसार वर्णित समय सीमा में वांछित गुणवत्ता/ निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप एक साथ करनी होगी।

5. किसी भी निविदा को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से स्वीकार/अस्वीकार करने को पूर्ण अधिकार कार्यालय को होगा। निविदा खोले जाने एवं स्वीकार किये जाने की तिथियों में परिवर्तन का अधिकार अद्योहस्ताक्षकर्ता में निहित होगा।

6. उक्त कार्य सम्पादन/आपूर्ति में यदि किसी भी प्रकार की हानि होती है तो इसके लिये कार्यालय किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति नहीं करेगा न ही कोई जिम्मेवारी इस कार्यालय की होगी।

7. उक्त निविदा में सफल निविदादाता अपने कार्य को स्वयं के स्तर पर ही सम्पादित करेगा स्वीकृत कार्य को किसी अन्य एजेन्सी या फर्म के माध्यम से नहीं करवायेगा अर्थात् सबलेट नहीं करेगा।

8. उपरोक्त शर्तो के अतिरिक्त General Financial and Accounts Rules व Transparency in Public Procurement Act, 2013 & Rules, 2013 के प्रावधान लागू होगें।

9. सशर्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगी ।

दिनांक : हस्ताक्षर निविदादाता

स्थान : मय मोहर

घोषणा–पत्र

(फर्म द्वारा स्वयं के लेटर हेड पर घोषणा पत्र)

उपरोक्त समस्त प्रपत्रों, जानकारी एवं शर्तों को मैंने/हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि निविदा के सम्बन्ध में श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर का निर्णय हमारे लिये अन्तिम एवं मान्य होगा। प्रतीकस्वरूप निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर मय सील कर दिये है।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा वास्तव में निविदा में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा निविदा में वर्णित सामग्री का हमारें पास पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है तथा वांछित मशीन/उपकरण/तकनीकी अनुभव रखता है।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि राज्य सरकार/ बोर्ड/ विश्वविद्यालय/ स्वायतशासी संस्थान/ निगम /बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट नहीं किया हुआ है।

यदि उपर्युक्त वर्णित घोषणा असत्य पायी जाए तो राजस्थान उच्च न्यायालय मेरे विरुद्ध कोई भी न्यायोचित कार्यवाही कर सकता है।

दिनांकः
स्थान :

हस्ताक्षर निविदादाता
मय पता सील मोहर